प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर आज प्रदेशभर में हुए आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– संविधान सभा की बहसें आज भी करती हैं हम सबका मार्गदर्शन।
2. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कल पैन परियोजना के दूसरे चरण के प्रस्ताव को किया पारित : प्रयागराज–मानिकपुर रेल लाइन समेत रेलवे की तीन परियोजनाओं को भी मिली मंजूरी।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता का किया शुभारंभ : कहा– शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम है खेल।

और

4. प्रदेश के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता श्याम देवराय चौधरी का वाराणसी में हुआ निधन : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री ने अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी गई। इस परियोजना पर एक हजार 435 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस चरण में पूरे माजूदा तंत्र को संवर्धित किया जाएगा और पोर्टल को

एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैन के दूसरे चरण में मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। श्री वैष्णव ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा पैन नम्बर बने रहेंगे।

बाइट......

*एक्जिस्टिंग सिस्टम को पूरी तरह से अपग्रेड किया जाएगा। पूरा उसका जो डिजिटल बैकबोन है पीछे वह कंप्लीट नए तरीके से की जाएगी। कॉमन बिजनेस आई डेंटिफायर का मिशन इसमें प्रयास किया जाएगा एक यूनिफाइड पोर्टल रहेगा। इसमें बहुत फॉक्स दिया जाएगा ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम पर भी।*

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आर्थिक मामलों की समिति ने रेल मंत्रालय की तीन परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इन पर लगभग सात हजार 927 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन परियोजनाओं में प्रयागराज– मानिकपुर रेल लाइन, मनमाड–जलगांव रेल लाइन और भुसावल–खंडवा रेल लाइन शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मनमाड–जलगांव परियोजना से महाराष्ट्र के बंदरगाहों से माल ढुलाई की क्षमता बढ़ेगी। बाइट.....

*एक सौ साठ किलोमीटर का यह रूट है। दो हजार सात सौ 73 करोड़ रुपये का इसमें इंवेस्टमेंट आएगा। मुंबई, कोलकाता और मुंबई से वाराणसी यह दोनों के दोनों रूट इससे डीकन्जेस्ट हो जाएंगे और यहां की कैपेसिटी बढ़ेगी। नई गाड़ियां चलाई जा सकती है। कंटेनर जल्दी से तेजी से मूव होंगे।*

इसके अलावा केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दो हजार 481 करोड़ रुपये के कुल बजट आवंटन के साथ राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और एक राष्ट्र एक सदस्यता को भी मंजूरी दे दो है। बैठक में अटल इनोवेशन

मिशन–एआईएम को 31 मार्च, 2028 तक जारी रखने पर भी मोहर लगाई गई।

———————

राष्ट्र आज संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। यह समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस के अवसर पर लोक भवन में आयोजित समारोह में संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया और संविधान निर्माताओं को नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान है। संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान सभा में हुई विभिन्न सार्थक बहसें आज भी हम सबका मार्ग दर्शन करती है। बाइट.....

*भारत के संविधान सभा के माध्यम से जो डिबेट हुई है, हर संस्थान में यह डिबेट होनी चाहिए। आपको उसमें मुद्दे मिलेंगे, तथ्य मिलेंगे। भारत की यात्रा के बारे में एक जीवन दर्शन को जानने और सीखने का एक अवसर प्राप्त होगा और अंततः उसका निचोड़ जो डिबेट हुई है वह डिबेट मूल रूप से नहीं उसका एक निचोड़ जो लेकेआना था वो भारत के संविधान के रूप में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी ने देश को दिया।*

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'संविधान से आदर्श और मूल्य' विषय पर आयोजित वाद–विवाद और निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।

संविधान दिवस के मौके पर प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लखनऊ में केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में संगोष्ठी और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समानता और न्याय के मामले में भारत का संविधान अमेरिका से भी आगे है। इसी क्रम में अमरोहा, बदायूं, फर्रुखाबाद, हापुड़, संतकबीर नगर, सुल्तानपुर और मऊ में संविधान दिवस पर जिला मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

—————————

सम्भल में हुई हिंसा के बाद हालात अब सामान्य हो रहे हैं। आज से स्कूल और बाजार खुल गए हैं। हालांकि प्रशासन ने एहतियात के तौर पर तीस नवम्बर तक जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। मुरादाबाद के मंडलायुक्त आँजनेय कुमार सिंह बताया कि पुलिस उपद्रवी तत्वों की पहचान कर रही है। मामले से जुड़े साक्ष्य भी इकट्ठे किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। बाइट.....

*संभल में अब हालात सामान्य है। स्कूल भी खुले हुए है। सामान्य जनजीवन आम तौर पर चल रहा है। पुलिस द्वारा जो उपद्रवी तत्व है उनका चिन्हांकन किया जा रहा है। उससे पूर्व लोगों से बातचीत करके प्रयास किया जा रहा है लोगों से सहयोग भी मिल रहा है और सबसे महत्वपूर्ण अफवाहों*

*के कारण किसी तरीके की घटना न घटित हो और लोग अफवाहों पर ध्यान न दे इसलिए भी लोगों से बातचीत जारी है तो फिलहाल स्थिति एकदम सामान्य है।*

**उधर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से दखल देने की मांग की है।**

---

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

---

**प्रदेश में पहली बार शुरू हुई ऑनलाइन ई स्टाम्प सेल्फ प्रिंट मॉड्यूल का शुभारंभ वाराणसी में प्रदेश के स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि अब कोई भी सौ रुपए तक के स्टाम्प खुद ही प्रिंट कर सकता है। इस मॉड्यूल के यूजर को बस एक बार अपना रजिस्ट्रेशन वेबसाइट www.schilestamp.com पर करना होगा। अभी ये व्यवस्था सौ रुपए तक के स्टाम्प के लिए की गई है। इस व्यवस्था के तहत रोज़ाना इस्तेमाल में आने वाले**

डॉक्यूमेंट जैसे शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बांड, सामान्य ऋण समझौता आदि आसानी से तैयार किए जा सकेंगे।

————————

काउंसिल ऑफ द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन बोर्ड सीआईएससीई ने दसवीं–बारहवीं 2025 का परीक्षा कार्यक्रम तिथिवार और विषयवार जारी कर दिया ह। 12वीं की बोर्ड की परीक्षा 13 फरवरी से तो 10वीं की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होगी। 12वीं की परीक्षा 5 अप्रैल तक चलेगी। वहीं दसवीं की परीक्षा 27 मार्च को खत्म होगी। बोर्ड ने कहा है कि परिणाम मई में आने की संभावना है।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्टस कालेज में नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 4 हज़ार विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। 30 नवम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों में खूब उत्साह दिखा। इस अवसर पर राज्यपाल ने 'खेलो इंडिया' का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने इस अभियान के माध्यम से पूरे देश को खेल के प्रति जागरूक और प्रेरित किया है। आज खेल केवल मनोरंजन या प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त

माध्यम बन चुका है। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे।

—————————

लखनऊ में आज से सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप 2024 की शुरुआत हो गईहै। टूर्नामेंट के पहले दिन क्वालिफाइंग मैच खेले गए। प्रदेश की शटलर मानसी सिंह ने दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रशंसा बोनम को हराकर महिला एकल के मुख्य ड्रा में जगह बना ली है। पुरुष एकल में भारत के सिद्धार्थ प्रताप सिंह, सनीथ दयानंद, आरएस संजीवी कुमार और मलेशिया के शोलेह ऐदिल भी मुख्य ड्रा में पहुंच गए है।

—————————

प्रदेश के पूर्व मंत्री और वाराणसी में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के 1989 से 2017 तक लगातार सात बार भाजपा विधायक रहे भाजपा नेता श्याम देवराय चौधरी का आज निधन हो गया। लंबे समय से बीमार चल रहे श्री चौधरी ने 85 वर्ष की आयु में एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्याम देवराय चौधरी के निधन पर दुख जताया है और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

(समाप्त)